# बिहार कैबिनेट ने प्रमुख योजनाओं को मंज़ूरी प्रदान की

## चर्चा में क्यों?

युवाओं की रोज़गार क्षमता में सुधार, सांस्कृतिक संरक्षण और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्त्वपूर्ण कदम के रूप में **बिहार मंत्रिमंडल ने कई प्रमुख पहलों को मंज़ूरी प्रदान की।**

- **इन पहलों में युवा इंटर्नशिप** के लिये वित्तीय सहायता, **कलाकारों के लिये** पेंशन योजना और **पुनौरा धाम के लिये 882 करोड़ रुपए की विकास योजना शामिल है**, जो इस क्षेत्र को एक प्रमुख धार्मिक पर्यटन केंद्र में बदल देगी।

## मुख्य बिंदु

- **मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना:**
  - **18-28 वर्ष की आयु के युवा पात्र हैं,** यदि उन्होंने कौशल प्रशिक्षण पूरा कर लिया है या कक्षा 12 से स्नातकोत्तर स्तर तक की योग्यता रखते हैं।
  - इंटर्नशिप के दौरान मासिक वजीफा:
    - 12वीं पास के लिये 4,000 रुपए
    - आईटीआई या डिप्लोमा धारकों के लिये 5,000 रुपए
    - स्नातक और स्नातकोत्तर के लिये 6,000 रुपए
  - अपने ज़िले से बाहर काम करने पर प्रशिक्षुओं को 2,000 रुपए प्रतिमाह तथा बिहार से बाहर काम करने पर 5,000 रुपए प्रतिमाह अतिरिक्त मिलेंगे।
    - यह अतिरिक्त सहायता अधिकतम 3 माह के लिये प्रदान की जाएगी।
  - सभी वित्तीय सहायता प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से जमा की जाएगी।
  - यह योजना **वित्त वर्ष 2025-26 में 5,000 युवाओं को सहायता प्रदान** करेगी।
  - इसका लक्ष्य 2026-27 से आगे पाँच वर्षों में एक लाख युवाओं को लाभान्वित करना है।
- **मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना:**
  - मंत्रिमंडल ने कम से कम 10 वर्षों से **शास्त्रीय, दृश्य या प्रदर्शन कला में संलग्न कलाकारों के लिये एक नई पेंशन योजना को मंज़ूरी दी।**
  - 50 वर्ष से अधिक आयु के पात्र कलाकारों, जिनकी वार्षिक आय 1.2 लाख रुपए से कम है, को 3,000 रुपए मासिक पेंशन मिलेगी।
  - इस योजना का उद्देश्य **बिहार की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना है।**
- **पुनौरा धाम विकास:**
  - **कैबिनेट ने सीतामढ़ी के पुनौरा धाम स्थित माँ जानकी मंदिर** के समेकित विकास के लिये 882.87 करोड़ रुपए की मंज़ूरी दी।
  - माना जाता है कि यह **देवी सीता का जन्म स्थल है, इस स्थल को मिथिला की समृद्ध संस्कृति और विरासत** को प्रदर्शित करने और प्रोत्साहन प्रदान करने के लिये अयोध्या के राम मंदिर की तर्ज पर विकसित किया जाएगा।
  - **बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम** इस परियोजना का क्रियान्वयन करेगा।
- **कारखाना/फैक्ट्री रोज़गार नियम संशोधित:**
  - मंत्रिमंडल ने **बिहार कारखाना नियमावली, 1950 में संशोधन को भी मंज़ूरी दी।**
  - गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली महिलाओं को छोड़कर महिलाएँ अब खतरनाक श्रेणी में वर्गीकृत कारखानों में काम कर सकती हैं।
  - इस कदम का उद्देश्य **महिलाओं के लिये औद्योगिक रोज़गार के अवसरों को व्यापक** बनाना है।

## मिथिला

- **भौगोलिक सीमाएँ:**
  - मिथिला, जिसे **तिरहुत या तिरभुक्ति के नाम से भी जाना जाता है**, एक विशिष्ट भूवैज्ञानिक और सांस्कृतिक क्षेत्र है।
  - यह पूर्व में महानंदा नदी, दक्षिण में गंगा, पश्चिम में गंडकी नदी और उत्तर में हिमालय की तराई से घिरा है।
  - भारत में, इसमें दरभंगा, मधुबनी, मुज़फ्फरपुर, समस्तीपुर, सीतामढ़ी, वैशाली जैसे ज़िले और चंपारण, भागलपुर और मुंगेर के कुछ हिस्से शामिल हैं।

- **भाषा और पहचान:**
  - यहाँ की मूल भाषा मैथिली है, जो मैथिल लोगों द्वारा बोली जाती है।
  - ऐसा माना जाता है कि मिथिला नाम पौराणिक राजा मिति से लिया गया है, जो "मृदा (मिट्टी)" का प्रतीक है।
  - मिथिला की प्राचीन राजधानी जनकपुर थी, जो नेपाल के धनुसा ज़िले में स्थित थी।
- **जैन धर्म और बौद्ध धर्म से संबंध:**
  - दक्षिणी मिथिला में स्थित वैशाली, **जैन धर्म** के 24वें और अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर (599 ईसा पूर्व) का जन्मस्थान है।
  - ऐसा माना जाता है कि गौतम बुद्ध ने अपने जीवन का कुछ हिस्सा मिथिला क्षेत्र में बिताया था, जहाँ उन्होंने उपदेश दिये और विद्वानों से संवाद किया था।
- **समृद्ध सांस्कृतिक विरासत:**
  - मिथिला संस्कृति अपनी भाषा (मैथिली), पाग (पारंपरिक टोपी/हेडगेअर), लोक नृत्य और त्योहारों और व्यंजनों के लिये प्रसिद्ध है।
- **मधुबनी पेंटिंग:**
  - **मधुबनी कला**, एक जीवंत लोक चित्रकला परंपरा है, जो हिंदू पौराणिक कथाओं (विशेष रूप से रामायण) के दृश्यों को दर्शाती है।
  - प्रकृति, पशु और सामाजिक जीवन
  - इसमें प्राकृतिक रंगों और ज्यामितीय पैटर्न का उपयोग किया गया है
  - इसकी सांस्कृतिक विशिष्टता के लिये इसे **GI (भौगोलिक संकेत)** का दर्ज़ा प्राप्त है।
- **कृषि विशेषता- मिथिला मखाना:**
  - **मखाना,** जिसे **फॉक्स नट** के नाम से भी जाना जाता है, मिथिला की एक प्रमुख जलीय फसल है।
  - **बिहार और नेपाल के आर्द्रभूमियों** में, विशेषकर मिथिला क्षेत्र में इसकी खेती बड़े पैमाने पर की जाती है।
  - मिथिला मखाना को **GI टैग** भी मिला है, जो इसके आर्थिक और सांस्कृतिक महत्त्व को दर्शाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bihar-cabinet-approves-key-schemes